## विधि कार्यों का विभाजन

**ब्यावर ।** नगर परिषद में नवनियुक्त विधि सलाहकार यज्ञेश कुमार शर्मा एवं विजय दगदी को नगर परिषद के विभिन्न विभागों से संबंधित विधि कार्यों का विभाजन कर नगर परिषद हित में कार्य करने का दायित्त्व प्रदान किया गया। एडवोकेट यज्ञेश कुमार शर्मा को नगर परिषद में 10 अनुभागों में विधि सलाहकार का दायित्व प्रदान किया गया है जिसमें नियमन, नजूल, मानचित्र, गृहकर/ नगरिय कर, राजस्व, लेखा, निर्माण, संस्थापन कार्यालय/ सफाई व सामान्य प्रशासन, रोशनी/आरटीआई व मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गारंटी योजना से संबंधित सभी विधि कार्य किए जाएंगे। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान में नवनियुक्त विधि सलाहकार यज्ञेश कुमार शर्मा के पिता स्वर्गीय श्री विजयनारायण शर्मा भी करीब 25 वर्ष पूर्व नगर परिषद ब्यावर के विधि सलाहकार रह चुके थेऔर उस समय में नगर परिषद को कई मुकदमों में सफलता हासिल भी हासिल हुई थी। इसी प्रकार यज्ञेश शर्मा वर्ष 2002 से निरंतर वकालत कर रहे हैं जिसका लाभ नगर परिषद को जरूर होगा।

# भारतीय संस्कृति ने दुनिया को विश्व बंधुत्व का पाठ पढ़ाया है

- सैकड़ों महिला-पुरुष साधकों ने किया योगाभ्यास
- जो कि संस्कृत भाषा की ही देन है

**अजमेर,** (कासं)। भारतीय संस्कृति को जानना है तो संस्कृत भाषा को जानना होगा, भारतीय संस्कृति ने दुनिया को विश्व बंधुत्व का पाठ पढ़ाया है, जो कि संस्कृत भाषा की ही देन है। यह न केवल भारत की प्राचीनतम भाषाओं में से एक है, बल्कि इसकी वैज्ञानिकता, शुद्धता और समृद्धता इसे अद्वितीय बनाती है।

यह बात संस्कृत भारती प्रन्यास चित्तौड़ प्रांत के अध्यक्ष महेशचन्द्र शर्मा ने लॉरेंस एण्ड मेयो स्कूल, अजमेर में चल रहे सात दिवसीय आवासीय संस्कृत भाषा बोधन वर्ग में कही। उन्होंने शिविरार्थियों से कहा कि दुनिया के कई देशों में युवा संस्कृत सीख रहे हैं, बड़े-बड़े अनुसंधानों में इस भाषा की मदद ली जा रही है। कई देशों के विद्यालयों में संस्कृत सुभाषित पाठ्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं, दुनिया इस बात को मान चुकी है कि संस्कृत सृष्टि की प्रथम भाषा है और अन्य भाषाओं की जननी है। ऋषि मुनियों के गहरे ध्यान से मिली इस भाषा को देववाणी और सुरभारती भी कहते हैं। आवासीय संस्कृत भाषा बोधन वर्ग के मुख्य अतिथि दिलीप गढवाल ने बताया कि संस्कृत वैज्ञानिक भाषा है। आज के आधुनिक युग में इस भाषा का और शास्त्रों का ज्ञान हमारे भारत को प्रत्येक क्षेत्र में सफलता के सोपान पर अग्रसर कर रहा है। मुख्य वक्ता संस्कृत भारती चित्तौड़ प्रांत के मंत्री परमानन्द शर्मा ने बताया कि संस्कृत भारती संगठन संस्कृत संभाषण को आंदोलन के रूप में जन-जन तक पहुँचाने का कार्य कर रहा है, क्योंकि संस्कृत में भारत की आत्मा का निवास करती है और भारत की आत्मा को जीवित रखने के लिए यह संगठन विगत अनेक वर्षों से विश्व भर में कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर संस्कृत भारती अजमेर महानगर शिक्षण प्रमुख हिम्मत सिंह चौहान ने कहा कि इस शिविर में अजमेर सहित सावर, केकड़ी, पुष्कर, भिनाय, मसूदा, किशनगढ़, नसीराबाद, पीसाँगन आदि स्थानों से आए 115 प्रतिभागी संस्कृत के संरक्षण व संवर्धन के संकल्प के साथ संस्कृत संभाषण का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। संस्कृत भारती संस्कृत भारती चित्तौड़ प्रांत के कार्यालय प्रमुख भूपेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिविरार्थी अब अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर संस्कृत संभाषण शिविरों का आयोजन करेंगे तथा संस्कृत भाषा को जनभाषा बनाने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर संस्कृत भारती अजमेर महानगर मंत्री वरुण कुमार, शिविर सहसंयोजक गोपालदत्त शर्मा, मुख्य शिक्षक देवराज कुमावत, अजयमेरु महानगर विस्तारक प्रकाश, अखिलेश, भागचन्द, कचरु, दिपांशी, चिराग, पृथ्वीराज, तनु, गौरव, अक्षिता, भावेश, प्रदीप, कुलदीप, ज्ञानसिंह आदि शिक्षक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सोनोग्राफी सुविधा का उद्घाटन

**बिजयनगर,** (निसं)। राजकीय उप जिला अस्पताल, परिसर मेंबुधवार कोक्षेत्रीय विधायक वीरेन्द्र सिंह कानावत द्वारा फीता काटकर सोनोग्राफी मशीन का उद्घाटन किया ।

मसूदा विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों, नागरिकों तथा चिकित्सालय स्टाफ की उपस्थिति में सोनोग्राफी सेवा के शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर ब्यावर सी.एम.एच.ओ. डॉ. संजय गहलोत उपस्थित रहे। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अरविंद उदय ने बताया कि संस्थान में कार्यरत डॉ. महीपाल राठौड़ द्वारा छः माह का पीसीपीएनडीटी डिप्लोमा कोर्स पूर्ण कर सी बी ई परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद प्रमाणपत्र आते ही सोनोग्राफी की शुरुआत कर दी गई है। आयोजित कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित मोदी, पार्षद मनोहर कोगटा, विक्रम सिंह, राजकुमार असवानी, महेश जैन, प्रदीप सिंह भदोरिया, गोपाल सिंह रावत, नोरतमल लोढ़ा, मनीष वैष्णव व प्रभात चंद बड़जात्या सहित चिकित्सा कर्मी मौजूद रहे ।

## विशाल शोभायात्रा आज

**मदनगंज-किशनगढ़,** (निस)। अठासेन विहार में आयोजित अखिल भारतीय किन्नर नाजर समाज अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन में जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने पहुंचकर आशीर्वाद लिया। अध्यक्ष रानी बाई ने सम्मेलन में पहुंचे विधायक डॉ विकास चौधरी का शॉल साफा के साथ माल्यार्पण कर स्वागत किया। विधायक चौधरी ने गुरु सरोज बाई व रानीबाई को चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया। पूर्व विधायक सुरेश टाक ने आशीर्वाद लेकर रानी बाई को चुनरी ओढ़ाई। नगर परिषद आयुक्त सीता वर्मा, प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानों, समाजसेवी मनोज सोनी भी ढोल-नगाड़ों के साथ मायरा लेकर पहुंचे और अध्यक्ष रानीबाई तथा गुरु सरोजबाई को चुनरी ओढ़ाकर पारंपरिक रस्म अदा की। शहर से कई गणमान्य नागरिक, विभिन्न समाज अध्यक्ष भी सम्मेलन में पहुंचकर किन्नर समाज का अभिनंदन किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत और आशीर्वाद लेने का सिलसिला दिनभर चलता रहा।

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक :न.नि.अ. /भवन/25-26/107 — आपति सूचना — दिनांक-17/6/2025

श्रीमती रेखा कंवर पत्नी श्री संपत सिंह जोधा निवासी ई-52 तिलक नगर शास्त्री नगर अजमेर द्वारा एक सम्पति ए.एम.सी. नं. 1196-ए/25 है जो वाके आदर्श नगर नसीराबाद रोड अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 61.68 व.मी. है। भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व में- मुख्य मार्ग नसीराबाद रोड — पश्चिम में- श्री पदमचन्द व श्री धर्मचन्द की सम्पति
उत्तर में- श्रीमति कुमकुम भार्गव की सम्पति — दक्षिण में- श्री पदमचन्द व धर्मचन्द की सम्पति

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

### AJMER DEVELOPMENT AUTHORITY

No. :- ADA/TEC/2025-26/RajKaj 15923738 — Date :- 17/06/2025

**Invitation for Expression of Interest (EOI) for "Shifting/Removal of Seven Wonders Structures at Gaurav Path, Ajmer with maximum recovery and reuse of all salvageable materials in terms of maximum monetary value".**

Ajmer Development Authority (ADA) invites proposal for the above work. The details with regard to the work can be downloaded from the website **www.eproc.rajasthan.gov.in.**

The interested bidder should have 'B' Class or above or equivalent registration or the bidder should have done at least one work of similar nature work/ Civil work of Rs. 50 Lacs. in any Govt. Department in last five financial years including current year (2025-26) if opted by the bidder.

Contractor may submit bid along with Request for proposal with regards to EOI of the Project online at the site mentioned on or before 07th July' 2025 by 18:00 hrs. ADA reserves the right to annul the bid process at any time without assigning any reason thereof.

**Important Dates:**

| S. No. | Activity | Deadline |
|---|---|---|
| 1 | Release of RFP | 14th June' 2025 |
| 2 | Bid can be downloaded and submission of bid security. | From 17 th June' 2025 10:00 hrs. to 07th July' 2025 upto 18:00 hrs. |
| 3 | Last date for submission of bids | 07th July' 2025 by 18:00 hrs. |
| 4 | Date of opening of proposal for the project | 08 th July' 2025 at 11:00 hrs. |

Raj.Samwad/C/25/4524 — Executive Engineer (North), Ajmer Development Authority, Ajmer

### नाम परिवर्तन

मेरे पति के आर्मी नं. 15245574P रैंक-NK नाम- LOLUGU HARIBABU है। यह कि मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम LOLUGU SIRISHA दर्ज है जो गलत है। जबकि भविष्य में मुझे मेरे सही व वास्तविक नाम KARIMI SIRISHA से जाना जाए।

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड संख्या जी-843 क्षेत्रफल 50 वर्गगज गणेश गुवाडी पंचशील नगर अजमेर के मूल दस्तावेज जिसमें आवंटन पत्र कब्जा पत्र साईड प्लान टाईप डिजाईन दिनांक 23/04/2007 का पंजीयन कार्यालय प्रथम अजमेर से पंजीकृत लीज डीड पट्टा, दिनांक 10/06/2006 का मुख्तायार आम, दिनांक 7/5/2007 का पंजीकृत विक्रय पत्र, दिनांक 3/3/2010 का पंजीकृत विक्रय पत्र, दिनांक 14/10/2010 का मुख्तयार आम, दिनांक 5/10/2010 का नामान्तरण आदेश,दिनांक 30/11/2012 का पंजीकृत विक्रय पत्र, दिनांक 4/1/2013 का नामान्तरण आदेश, दिनांक 17/3/2018 का विक्रय पत्र, दिनांक 28/3/2018 का नामान्तरण आदेश ,तथा अन्य दस्तावेज के साथ कई मूल दस्तावेज व बेग सहित आवश्यक दस्तावेज अजमेर स्टेशन या ट्रेन में कहीं गुम हो गये है जिसकी रिपोर्ट दिनांक 23/2/2018 को जी आर पी पुलिस थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज भी करवा दी है अतः जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त भूखण्ड के मूल दस्तावेज मिले तो कृपा करके निम्न पते पर सम्पर्क करे शीघ्र लौटाये जाने की कृपा करे सो सूचित रहे। -सुनील गुप्ता पुत्र मथुरेश चन्द गुप्ता, निवासी टाटोटी हाउस गांधी बाजार, मदार गेट, अजमेर, मो. 7976206217

# जिला प्रमुख ने प्राप्त परिवेदनाओं पर तत्काल कार्रवाई के दिये निर्देष

- दिनांक 18.06.2025 जिला परिषद,

**अजमेर।** श्रीमती सुषील कंवर पलाडा जिला प्रमुख अजमेर की अध्यक्षता में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में अधीनस्थ विभागों एवं विभिन्न अन्य विभागों से संबंधित प्राप्त परिवेदनाओं पर संबंधित विभाग के जिला स्तरीय अधिकारीयों को तत्काल निस्तारण के निर्देष प्रदान किये गये एवं राज्य सरकार से संबंधित प्रकरणों को राज्य स्तर पर अठोषित किया गया है। जिनमें विषेष परिवेदनाए/प्रकरण निम्नानुसार है।

1. समस्त ठाामवासी ठााम लोहागल एवं जनाना कॉलोनीवासी ने अवगत कराया कि जनाना अस्पताल अजमेर संभाग का सबसे बड़ा अस्पताल है। जहां पर काफी संख्या में ठाामीणजन एवं अजमेर शहर के लोग आते है। जनाना अस्पताल के बाहर वनवे हाईवे गुजर रहा है जो पीडब्लयूडी द्वारा बनाया गया है जिस पर भारी वाहनो की भी आवाजाही रहती है किन्तु जनाना अस्पताल की दीवार के बाहर जनाना अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारियों या पीडब्लयूडी के अधिकारियों की मिली भगत से कई बडे बडे अवैध बोर्ड लगा दिये गये है साथ ही तारबंदी कर दी गई है जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है एवं कई लोग काल के ठाास बन चुके है। अतः जनाना अस्पताल अजमेर के बाहर स्थित तारबंदी एवं बोर्ड को शीघ्र ही हटवा कर शहरवासियों एवं अस्तपताल में आये परिजनो को तत्काल राहत प्रदान करने का निवेदन किया गया था परन्तु 15 दिन के बाद भी समस्या का समाधान नही हुआ है। जिस पर जिला प्रमुख ने विकास अधिकारी अजमेर ठाामीण एवं ठााम विकास अधिकारी माकड़वाली को तत्काल प्रभाव से रोड़ के दोनो तरफ के अतिक्रमण हटवाने हेतु निर्देषित किया एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी को पुलिस अधीक्षक अजमेर व अतिरिक्त जिला कलक्टर को अतिक्रमण की कार्यवाही में सहयोग प्रदान करने हेतु पत्राचार करने के निर्देष प्रदान किये।

2. प्रषासक ठााम पंचायत गोठियाना ने अवगत कराया कि बीहड में दिनांक 24.05.2025 से अवैध तरीके से बिना किसी निविदा प्रक्रिया के 10 जेसीबी मषीन चलाकर जेसीबी मषीन नं. त्श्र48 म्। 0370 इत्यादि। ठाामवासियों द्वारा लगातार विरोधा करने पर भी तथा रेंजर दुर्गेष कुमार सैनी को सूचना देने के बाद भी करोड़ो रूपये के विलायती बबूल हटाए जा रहे है। इस प्रकार अचानक गांव के जंगल बीहड की कटाई करने से गांव में आक्रोष का माहौल है। प्रार्थी ने आरोपियो के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया है। 3. शैतान सिंह तथा अनुराग सिंह निवासी ठााम बडल्या ने अवगत कराया कि दिनांक 26.07.2024 को प्रार्थीगण ने पट्टा हेतु आवेदन किया। परन्तु आज दिनांक तक पट्टा जारी नही किया गया हैं प्रार्थीगण ने पट्टा जारी करवाने हेतु निवेदन किया है। 4. शैतान लाल तथा महेन्द्रलाल निवासी ठााम बडल्या ने अवगत कराया है कि उनके पास स्वयं को कोई मकान नही है। वह अपने पिताजी के मकान में निवास कर रहे है जो कि बहुत ही जर्जर अवस्था में है। प्रार्थीगण ने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास हेतु ठााम पंचायत में आवेदन किया था परन्तु आज दिनांक तक भी कोई कार्यवाही नही की गई है। प्रार्थीगण ने आवास स्वीकृत करने हेतु निवेदन किया है। 5. गंगा रावत निवासी ठााम नरबदखेड़ा ब्यावर ने अवगत कराया कि प्रार्थीया के पट्टेषुदा घर के मुख्य दरवाजे पर अतिक्रमियो द्वारा नाजायज रूप से पत्थर, कांटे व अन्य सामान डालकर रास्ते को अवरूद्ध कर दिया गया है। जिसकी षिकायत करने पर भी आज दिनांक तक कोई भी कार्यवाही नही की गई है। प्रार्थीया ने अतिक्रमण हटवाने हेतु निवेदन किया है। 6. महेष चन्द्र शर्मा निवासी ठााम राजोसी तह. नसीराबाद ने अवगत कराया कि प्रार्थी का आबादी क्षेत्र में ख.न. 2040 किस्म गैर मु. आबादी में पुष्तैनी बाड़ा है जिसकी 10 फीट जगह को गांव के ही सुधीर पुत्र ज्ञान चन्द द्वारा अपने कब्जे में लेकर दीवार बना ली गई है। जिसके संबंध में षिकायत करने के बावजूद प्रषासन द्वारा कोई भी कार्यवाही नही की गई है। प्रार्थी ने अतिक्रमण हटवाने हेतु निवेदन किया है। 7. प्रेम देवी निवासी ठााम बाड़ी ने अवगत कराया कि प्रार्थीया का नाम कभी भी मस्ट्रोल में नही आता है और ना ही ठााम विकास अधिकारी द्वारा कोई भी संतोषपूर्ण जवाब दिया जाता है। जब भी पूछा जाता है कोई तकनीकी समस्या बताई जाती है। जबकि प्राथीया का जॉबकॉर्ड तथा जनआधार संख्या बैंक से जुड़ा हुआ है। प्रार्थीया ने तकनीकी समस्या का समाधान करवाने हेतु निवेदन किया है। 8. समस्त बैरवा समाज ठााम जैतपुरा ने अगवत कराया कि ख.न. 715 में पिछले काफी समय से 9-10 परिवार मकान बना कर निवास कर रहे है। हमारे पास समस्त दस्तावेज है जो कि एस.डी.एम. कार्यालय में जमा करवा दिये गये है। तथा ठााम पंचायत कैरोट द्वारा अनआपत्ति प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत कर दिया गया है। प्रार्थीगण ने आबादी भूमि आवंटन करवाने हेतु निवेदन किया है। 9. उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि छोटी देवी निवासी ठााम रामबाड़ी ठााम पंचायत रामसर ने अवगत कराया कि प्रार्थिया का पूर्व में रामबाड़ी गांव में कच्चा मकान था जिसे तोड़ दिया गया है। नये मकान बनाने के लिये प्रार्थिया ने ठााम पंचायत में निवेदन किया किन्तु प्रार्थिया को किसी भी तरह की राहत प्रदान नही की गई। प्रार्थिया एक विधवा महिला है। प्रार्थिया ने रहने हेतु भूखण्ड दिलावने हेतु निवेदन किया है जिस पर प्रार्थिया कच्चा-पक्का बनाकर रह सके। बैठक में उपजिला प्रमुख श्री हगामी लाल चौधरी, जिला परिषद सदस्य श्री श्रवण सिंह रावत, श्री महेन्द्र सिंह मझेवला, पूर्व जिला परिषद सदस्य श्री नन्दाराम चौधरी, सहित श्री अभिषेक खन्ना मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद अजमेर, श्री सुरेष सिंधी लोकपाल, श्रीमती रूद्रा रेणू सयुंक्त निदेषक एवं मुख्य आयोजना अधिकारी अजमेर, श्रीमती ज्योत्सना रंगा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्री संजय तनेजा संयुक्त निदेषक कृषि विभाग, श्री गोविन्द नारायण शर्मा जिला षिक्षा अधिकारी, मेघा रतन अतिरिक्त निदेषक जलठाहण विभाग, श्री गिरीष कुमार झीरोता अधिषाषी अभियंता ठाामीण विकास प्रकोष्ठ, श्री रामवतार जाट डी.पी.एस., श्री विजेन्द्र सिंह राठौड़ जिला परियोजना समन्वयक अजमेर, श्री कैलाष चन्द्र शर्मा षिक्षा विभाग एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, किशनगढ़

नैक द्वारा ग्रेड A++ मान्यता प्राप्त
यूजीसी द्वारा श्रेणी-I विश्वविद्यालय का दर्जा

राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, कुलपति, कार्यकारी परिषद व अकादमिक परिषद के सदस्यगण आपको

**नवम् दीक्षांत समारोह एवं लोकार्पण व शिलान्यास समारोह**

में सादर आमंत्रित करते है।

मुख्य अतिथि
**श्री धर्मेन्द्र प्रधान जी**
माननीय शिक्षा मंत्री, भारत सरकार

गरिमामयी उपस्थिति
**श्री भागीरथ चौधरी** — माननीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भारत सरकार
**प्रो. आनंद भालेराव** — माननीय कुलपति राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय

लोकार्पण
• नैक कक्ष • छात्रावास भोजनालय • नायक जदुनाथ सिंह आकादमिक भवन

शिलान्यास
• विद्यार्थी छात्रावास • आंतरिक खेल संकुल • छात्रावास भोजनालय • विश्वविद्यालय मुख्य द्वार • एथलेटिक्स ट्रैक • केन्द्रीय विद्यालय भवन

LIVE लाईव देखें
https://youtube.com/live/NBfAQmjJwwY?feature=share — उत्तराकांक्षी : कुलसचिव
Website: www.curaj.ac.in — केवल आमंत्रण द्वारा प्रवेश
CURajasthan CURajasthanofficial @curaj_official @curajofficial

### आम सूचना

**न्यायालय तहसीलदार हुरड़ा जिला भीलवाडा**

क्रमांक/भू.अ./एल.आर.एक्ट 135(2)/2025/ 1697 दिनांक-16-06-2025
1 (भू.अ.)
आम सूचना
मुकदमा नम्बर 08/2025
अन्तर्गत राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 135(2)
उनवान रामेश्वरलाल काबरा पुत्र मोहनलाल काबरा बनाम हर आम व खास बाबत:- वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरकरण खोलने बावत

हर आम व खास को आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि उपरोक्त उनवान प्रकरण में प्रार्थी श्री रामेश्वरलाल काबरा पुत्र मोहनलाल काबरा निवासी हुरडा ने प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वसीयतनामा के आधार पर नामान्तरकरण खोला जावे। श्री रामस्वरूप काबरा पुत्र रामकुंवार काबरा में एक अपंजीकृत वसीयतनामा 2/- रूपये के स्टाम्प पर लिखा जाकर अपने बडे भाई श्री मोहनलाल काबरा के पक्ष में निष्पादित किया गया है। वसीयत कर्ता व वसीयत ग्रहीता दोनो पक्षकारों की मृत्यु हो चुकी है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत वसीयतनामा सेटलमेन्ट से पूर्व का है। संवत 2022 में सेटलमेन्ट से संशोधित भू माप हुआ था, उस समय के खसरा नम्बर ग्राम हुरडा सेजा के 1086, 1771, व 1772 थे। सेटलमेन्ट के बाद उक्त खसरा नम्बर परिवर्तन होकर क्रमशः 1798, 2048, 2049 नये खसरा नम्बर दर्ज हुए है, जिनका रकबा व किस्म का मिलान पटवारी द्वारा सही होना अवगत कराया गया है। इसी प्रकार ग्राम हुरडा मगरा के वसीयतनामा में दर्ज खसरा नम्बर 314, 315, 316, 389मी. 389मी. व 392 सेटलमेन्ट की कार्यवाही के पश्चात ख.नं. 389मी. व 389 मी. व 392 के नये नम्बर 304 हो गए तथा ख.नं. 314, 315, 316 के नये नम्बर 381 हो गए है। ख.नं. 314, 315, 316 से बने नये नम्बर 381 हुरडा मगरा से नये बने ग्राम गुलाबपुरा में स्थित है। उक्त खसरों का मिलान करने पर रकबा, किस्म व खातेदार का पटवारी द्वारा सही होना अवगत कराया गया है। प्रकरण इस कार्यालय में सुनवाई हेतु विचाराधीन है। अतः यदि किसी भी आम व खास को उक्त अपंजीकृत वसीयतनामा के सम्बन्ध में कोई आपति है तो वह नियत दिनांक 23/06/25 से पूर्व लिखित में इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी परिवेदना / आपति प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के पश्चात किसी भी प्रकार की परिवेदना / आपति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्रकरण में एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। अतः सूचित हो।

-(रणवीर सिंह)
तहसीलदार (भू.अ.) हुरडा (भीलवाड़ा)

# सीआईआई-यंग इंडियंस ( वाईआई ) अजमेर चैप्टर में नए सदस्यों को शामिल करने का कार्यक्रम आयोजित

- कार्यक्रम में 170 से अधिक सदस्यों वाले चैप्टर की कन्टिन्युअस ग्रोथ और सक्रियता के बारे में बताया

**अजमेर ।** यंग इंडियंस (वाईआई) अजमेर चैप्टर ने अपने हाल ही में नामांकित सदस्यों का स्वागत करने और उन्हें जोड़ने के उद्देश्य से नए सदस्यों को शामिल करने का कार्यक्रम आयोजित किया। यंग इंडियन्स (वाईआई) अजमेर चैप्टर की अध्यक्षा सुश्री साक्षी अग्रवाल और सह-अध्यक्ष डॉ. अनिरुद्ध सारदा ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और चैप्टर के विजन और आगामी कार्यक्रमों के बारे में प्रेरक जानकारी साझा की। सत्र के दौरान, सुश्री साक्षी अग्रवाल ने अपने सदस्यों के बीच नेतृत्व, नवाचार और सामुदायिक सेवा को बढ़ावा देने के लिए यंग इंडियन्स (वाईआई) अजमेर चैप्टर की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। डॉ. अनिरुद्ध सारदा ने युवाओं और पेशेवरों के लिए प्रभावशाली अवसर बनाने के लिए तैयार की गई रणनीतिक योजनाओं और आगामी परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। सत्र के दौरान यंग इंडियन्स (वाईआई) अजमेर चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष आदित्य गर्ग ने 47 सदस्यों के साथ चैप्टर लॉन्च से लेकर अब तक 170 से अधिक सदस्यों वाले चैप्टर की कन्टिन्युअस ग्रोथ और सक्रियता के बारे में बताया। उन्होंने सभी सदस्यों को संगठन के विकास में सक्रिय रूप से भाग लेने और योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। सीआईआई राजस्थान के वरिष्ठ निदेशक और प्रमुख नितिन गुप्ता ने साझा किया कि यंग इंडियन्स (वाईआई) के भारत में 71 चैप्टरर्स हैं जिसके 7200 से अधिक सक्रिय सदस्य हैं। यह युवा भारतीयों के लिए एक पैन इंडिया मंच के रूप में 2002 में गठित सीआईआई का एक अभिन्न अंग है। वाईआई सदस्यता में 21-45 वर्ष की आयु के बीच के युवा प्रगतिशील भारतीय सदस्य हैं और इसमें इसमें दूसरी और तीसरी पीढ़ी के उद्यमी, पेशेवर और स्टार्टअप शामिल हैं। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान 35 से अधिक युवा उद्यमियों और उद्योग प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## गरीब कल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी दी

**अजमेर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी शहर और देहात की प्रबुद्धजन सम्मेलन एक निजी स्थान पर आयोजित किया गया। केंद्र की मोदी सरकार की सेवा सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित योजना की जानकारी प्रभुत्व को दी गई। मुख्य वक्ता के रूप में किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी ने कहा कि पहले देश तुष्टिकरण की राजनीति में डूबा हुआ था। कुर्सी को सुरक्षित रखने के लिए तुष्टिकरण के साथ समाज को विभाजित करना ही राजनीतिक संस्कृति का प्रमुख हिस्सा बन गया था। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की राजनीतिक संस्कृति में बदलाव आया है। अब पॉलिटिक्स ऑफ परफार्मेंस, जवाबदेही और रिपोर्ट कार्ड की राजनीतिक संस्कृति शुरू हुई है भाजपा की यह सरकार प्रभावशाली, असरदार, मजबूत और निर्णायक सरकार है।

### कार्यालय ग्राम पंचायत भगवन्तपुरा पंचायत समिति अंराई, अजमेर

क्रमांक-ग्रा.प.भ/2025-26/18 — दिनांक:-18.06.2025
ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26

ग्राम पंचायत भगवन्तपुरा के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित कार्यों के लिए निर्माण सामग्री(यथा ग्रेवल, क्वेरी,रविश,ईट प्रथम श्रेणी,पत्थर,रेत/बजरी,क्रेशर,ब्रोकन,गिट्टी,सीमेन्ट,चूना,पट्टियां,वाईडिंग वायर,चिनाई खरंचा पत्थर, लोहे के दरवाजे एवं खिड़कियां, एनमेल पेंट आदि सामग्री,पानी टैंकर सप्लाई एवं किराये पर सीमेंट कंकरीट मिक्सर, रोड रोलर,सीमेंट कांकरीट इन्टरलॉकिंग ब्लॉक आदि) की वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in/http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जाएगी।

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | NIB NO | UBN NO | Tender ID |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भगवन्तपुरा | ZAJ2526A0708 | ZAJ2526GLOB00785 | 2025_PRD_480636_1 |

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत भगवन्तपुरा, पं.स. अंराई (अजमेर) — प्रशासक, ग्राम पंचायत भगवन्तपुरा, पं.स.अंराई (अजमेर)

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर
दूरभाष-0145-249953, फैक्स- 0145-2433813, Email-ajmermc@gmail.com, webajmermc.org
क्रमांक :न.नि.अ. /69-ए/2025-26/4453 — आपति सूचना — दिनांक-18/6/2025

श्री अरविन्द दुबे पुत्र श्री सुरेश चन्द दुबे, निवासी-15 दीप नगर, न्यू सांगानेर रोड जयपुर द्वारा प्रस्तावित स्थल, जे-2 जटिया हिल, दाता नगर अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 190.00 वर्गगज है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित स्थल की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व में- दीलीप बारिया की प्रोपर्टी — पश्चिम में- रास्ता 27'-0''
उत्तर में- जी.बी. माथुर की सम्पति — दक्षिण में- आर.के. जैन की प्रोपर्टी

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकारी अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्याल समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थ दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आक्षेप/आपति नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जाएगा।
उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर
दूरभाष-0145-249953, फैक्स- 0145-2433813, Email-ajmermc@gmail.com, webajmermc.org
क्रमांक :न.नि.अ. /69-ए/2025-26/4455 — आपति सूचना — दिनांक-18/6/2025

श्री अशोक हरजानी पुत्र श्री रामचन्द हरजानी, निवासी-33/34-ए, गली नं. 02 बलदेव नगर माकड़वाली रोड,अजमेर द्वारा प्रस्तावित स्थल,ग्राम कोटड़ा अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 246.19 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित स्थल की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व में- रास्ता 30 फीट — पश्चिम में- ओपन लैंड
उत्तर में- प्राइवेट मकान — दक्षिण में- रामकुमार गुर्जर का मकान

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम की धारा 69-ए के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकारी अभिप्राप्त करने के नगर निगम के पक्ष में भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने के अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप/आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्याल समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थ दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर सकता है। उपयुक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा कि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आक्षेप/आपति नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जाएगा।
उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

### कार्यालय नगर निगम, अजमेर

पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर
दूरभाष-0145-249953, फैक्स- 0145-2433813, Email-ajmermc@gmail.com, webajmermc.org
क्रमांक :न.नि.अ. /69-ए/2025-26/4457 — आपति सूचना — दिनांक-18/6/2025

श्री अतुल मालू पुत्र श्री प्रहलाद लाल मालू, निवासी-मकान नं. 16, इनकम टैक्स कॉलोनी वैशाली नगर, अजमेर द्वारा प्रस्तावित स्थल,अजमेरी दड़ा, नाला बाजार अजमेर में स्थित है जिसका क्षेत्रफल 69.83 वर्गमीटर है का नगर निगम अजमेर में धारा 69-ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित स्थल की सीमाएं निम्नानुसार है।

पूर्व में- मालु की सम्पति — पश्चिम में- अजमेरी धारा गली
उत्तर में- अग्रवाल की सम्पति — दक्षिण में- अन्य प्रोपर्टी

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी भी आक्षेप के अभाव में यह समझा जाएगा की किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आक्षेप/आपती नहीं है। बाद मियाद किसी भी आपति पर विचार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

# नाटक सिन्दूर का भव्य मंचन

**अजमेर,** (कासं)। नाट्य कला को समर्पित आधुनिक नाट्य कला संस्थान् द्वारा 15 दिवसीय नाट्य प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर सूचना केन्द्र के सभागार में ध्वनि व प्रकाश इफेक्ट में नाटक सिन्दूर का भव्य मंचन वरिष्ठ रंगकर्मी लाखन सिंह के लेखन व निर्देशन में किया गया जिसमें पाकिस्तान की 1948 से लेकर पहलगाम तक की नापाक हरकतों पर भारत ने किस तरह से मुह तोड़ जवाब दिया उसका व्यंग पूर्ण चित्रण किया। संवादों के माध्यम बताया की जब तक आतंकवाद समाप्त नहीं होगा और पी.ओ.के. पर बात नही होती तब तक पानी की एक एक बूँद को पाकिस्तान तरसेगा।

छोड़ो कल की बातें कल की बात पूरानी सुन लो पाकिस्तानी हम है हिन्दुस्तानी गीतो के माध्यम से नाटक में बताया कि पुलवामा और पहलगाम नासूर भूला सकते नही हम अपनी आजादी को हर गिज़ भुला सकते नही। गीतों पर दर्शको और अतिथियों ने खुब तालिया बजाई और देश भक्ति के नारे भी लगाकर कलाकारों की हौसला अफजाई की। नाटक में विकल्प सिंह, उज्ज्वल मित्रा, पवन जोशी, होशिका भाटिया, महिमा शर्मा, अंकित जादम, संदीप साहू, काव्यांश वैष्णव, अरनव आर्य, अनन्या आर्य, अथर्व सिंह, अहाना श्रीवास्तव, एवं राहुल सिंह ने बेहतरीन अभिनय किया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेन्द्र सिंह रलावता ने कहा कि रंगमंच केवल कला नहीं, यह जीवन जीने का तरीके के साथ संवेदनशील और मानवीय मूल्यों को उजागर करता है। रलावता आश्वसन दिया कि रंगमंच के लिए अगर स्थान नहीं मिलता है तो दूसरे स्थान उपलब्ध कराने के लिए सम्पूर्ण धनराशि का सहयोग स्वयं करूंगा। राजस्थान धरोहर सरंक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के पूर्व सदस्य व समाजसेवी कंवल प्रकाश किशनानी ने कहा कि इस प्रकार के नाट्य मंचन बच्चों और युवाओं के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। नाटक हमें सोचने पर विवश करता है और सामाजिक जिम्मेदारी का बोध कराता है उन्होनें कहा कि रचनात्मकता को मंच देने के लिए ऐसे शिविरों और नाट्य प्रस्तुतियों की नितांत आवश्यकता पर जोर दिया। उपमहापौर नीरज जैन ने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण होता है, नाटक मनोरंजन नहीं, अपितु विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम भी है। आज की युवा पीढ़ी को नाट्य विद्या से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा वह वह सराहनीय है। श्री जैन ने कहा कि लाखन सिंह के अंर्तमन में नाटक के प्रति जान बसती है और मेरी कोशिश रहेगी ज्यादा से ज्यादा नाट्यविद्या के लिए व्यक्तिगत रूप से सहयोग करूं। भाजपा शहर अध्यक्ष रमेश सोनी ने कहा कि नाटक आत्मा की आवाज़ है जो मंच पर जीवन पाता है। हर पात्र में समाज के किसी न किसी चेहरे की झलक मिलती है। ऐसे प्रयासों से युवाओं को अभिव्यक्ति का सशक्त मंच मिलता है। इस अवसर पर पार्षद गजेन्द्र सिंह रलावता सतीश बंसल, कांग्रेस नेता शिवप्रकाश बंसल, सोमरत्न आर्य, अनिल भारद्धाज, योगेश सब्बरवाल, विष्णु अवतार भार्गव, यॉबी जॉर्ज, राजेन्द्र सिंह, निरंजन, सुचिर भारद्वाज, मुदुल भारद्वाज, चारू सिंहसहित गणमान्य नागरिक व कला प्रेमी उपस्थित थे।

### कार्यालय ग्राम पंचायत सान्दोलिया पंचायत समिति अंराई, अजमेर

क्रमांक-ग्रा.प.सा/2025-26/34 — दिनांक:-18.06.2025
ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26

ग्राम पंचायत सान्दोलिया के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित कार्यों के लिए निर्माण सामग्री(यथा ग्रेवल, क्वेरी,रविश,ईंट प्रथम श्रेणी,पत्थर,रेत/बजरी,क्रेशर,ब्रोकन,गिट्टी,सीमेन्ट,चूना,पट्टियां,वाईडिंग वायर,चिनाई खरंचा पत्थर, लोहे के दरवाजे एवं खिड़कियां, एनमेल पेंट आदि सामग्री,पानी टैंकर सप्लाई एवं किराये पर सीमेंट कंकरीट मिक्सर, रोड रोलर,सीमेंट कांकरीट इन्टरलॉकिंग ब्लॉक आदि) की वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http://www.sppp.rajasthan.gov.in/http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जाएगी।

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | NIB NO | UBN NO | Tender ID |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सान्दोलिया | ZAJ2526A0706 | ZAJ2526GLOB00784 | 2025_PRD_480612_1 |

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सान्दोलिया, पं.स. अंराई (अजमेर) — प्रशासक, ग्राम पंचायत सान्दोलिया, पं.स.अंराई (अजमेर)